ए.एस.एस.बी.एस. राजकीय महाविद्यालय, बौंद कलां

सूचना

दिनांक: 20 अगस्त 2026

विश्व उद्यमिता दिवस 2026 के आयोजन के संबंध में

महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्व उद्यमिता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में 21 अगस्त 2026 से 05 सितम्बर 2026 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार, रचनात्मकता, स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की भावना को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने नवीन एवं मौलिक व्यावसायिक विचार, स्टार्टअप आइडिया, उत्पाद/सेवा संबंधी विचार अथवा समस्या-समाधान आधारित उद्यमशील विचार संबंधित पोर्टल पर निर्धारित अवधि में अपलोड/प्रस्तुत करें।

विद्यार्थी ऐसे विचार प्रस्तुत करें जो व्यावहारिक, नवाचारी तथा समाज अथवा बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों और भविष्य में रोजगार सृजन की संभावनाएँ रखते हों।

सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने उद्यमशील कौशल एवं नवाचार क्षमता का प्रदर्शन करें तथा सक्रिय रूप से भाग लें।

20/08/2026

20/08/26

प्राचार्य

अमर शहीद सूबेदार रणवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, बौन्द कलां।

प्राचार्य

ए.एस.एस.बी.एस. राजकीय महाविद्यालय, बौंद कलां